<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री ने कल महाराष्ट्र से जारी की पीएम किसान निधि की अठारहवीं किस्त, कहा–सरकार का हर निर्णय विकसित भारत के लिए समर्पित
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज महाकुंभ दो हजार पच्चीस के लोगो, वेबसाइट और एप की करेंगे लांचिंग
- प्रदेश के पच्चीस जिलों में खोले जाएंगे नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज
- मुंबई की टीम ने लखनऊ में सत्ताइस साल बाद जीता ईरानी कप

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का हर निर्णय , हर संकल्प और सपना विकसित भारत के लिए समर्पित है।

***नवरात्र के इस पावन पवित्र समय में मुझे अभी पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला है। देश के साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में तीस हजार करोड़ रूपये ट्रांसफर किये गये हैं, कृषि पशुपालन और किसान उत्पाद संघ से जुड़े सैकड़ों करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट भी जनता को समर्पित किये गये हैं।***

कल जारी की गई किसान सम्मान निधि से उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 25 लाख से अधिक किसान भी लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश के किसानों के खाते में 4 हजार 9 सौ 85 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता पहुंची। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज दोपहर में मथुरा आएंगे। वह दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में हिस्सा लेंगे । शाम को वह परिवार समेत मथुरा की सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी द्वारा प्रस्तुत मां दुर्गा नृत्य नाटिका का मंचन भी देखेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज का दौरा कर वर्ष दो हजार पच्चीस में प्रस्तावित महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। प्रयागराज से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण करने के साथ साथ मुख्यमंत्री जनप्रतिनिधियों और साधु संतों से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही वह महाकुंभ के लोगो, वेबसाइट और एप की लांचिंग करेंगे। महाकुंभ के लोगों का उपयोग वेबसाइट और एप के अलावा अन्य प्रचार सामग्रियों पर किया जाएगा। वेबसाइट और एप श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए वायु, रेल एवं सड़क मार्ग से महाकुंभ पहुंचने में मागर्दशक की तरह काम करेगा। इसके माध्यम से प्रयागराज में आवास, स्थानीय परिवहन, पार्किंग और घाटों तक पहुंचने की जानकारी मिल सकेगी।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी दी।

***सुग्रीव किला से लेकर के मंदिर तक और मंदिर से फिर जो बाहर जाने का रास्ता है उसको अस्थायी के बजाय स्थायी रूप से उस पर कैनोपी की संरचना की जानी चाहिए। उसकी डिजाइन को कल अंतिम रूप दे दिया गया है। हम लोग एक इस प्रकार का 22 रैक बनाने जा रहे है जो मंदिर के निकट जहां पुलिस चौकी पुरानी थी वहां पर 22 रैक बनेगा, तो अब वहां तक श्रद्धालु जूता पहनकर जा सकेंगे। इसका डिजाइन का कल अंतिम रूप दे दिया गया है और यह अगले छह माह में पूर्ण किया जायेगा।***

श्रीराम मंदिर परिसर के पास अन्तर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को भी भव्य बनाया जा रहा है। इसके छत को ऊंचे पिरामिड की तरह दिखाया जाएगा, जिसका नजारा दूर से ही देखा जा सकेगा। राम मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन इस संग्रहालय को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप देने के बारे में भी चर्चा हुई। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, संग्रहालय के विशेषज्ञ और कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत कल विभिन्न जनपदों में छात्राओं को एक दिन के लिए जिलाधिकारी और कई अन्य विभागों का जनपदीय अधिकारी बनाया गया। श्रावस्ती में 12वीं की छात्रा रश्मि कसौधन एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। वहीं जौनपुर में यूपी बोर्ड के वर्ष 2023–24 बैच की इंटर की टॉपर छात्रा सेजल गुप्ता ने और मऊ में सृष्टि सिंह ने एक दिन का जिलाधिकारी बनकर लोगों की समस्याएं सुनीं।

**********

प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक कार्य बल तैयार करने के लिए 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। 20 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि 5 जिलों में निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यदायी संस्थाओं को कॉलेजों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे अगले शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू की जा सके।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत प्राकृत के साथ मराठी, पाली, असमिया और बांग्ला भाषाओं को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के जैन दर्शन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर फूलचंद जैन ने सरकार के इस निर्णय की सराहना की है।

***अभी भारत सरकार ने जो प्राकृत भाषा के लिए क्लासिकल हैंग्वेज यानी शास्त्रीय भाषा घोषित किया है, वह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। प्राकृत भाषा के विकास के लिए क्योंकि प्राकृत भाषा एक अपने समय में सबसे प्राचीन काल में जनभाषा रही है। अशोक के लगभग दो हजार के आसपास शिलालेख मिलते हैं। उन्होंने जो आदेश लिखाये थे वो प्राकृत भाषा और ब्राहमी लिपि में लिखाये थे, तो इससे प्रमाणित होता है कि ये जनभाषा रही है और इसका बहुत विशाल साहित्य है, इस समय उपलब्ध है।***

**********

मुंबई ने अजिंक्या रहाणे की कप्तानी में ईरानी कप दो हजार चौबीस का खिताब जीत लिया है। टीम ने सत्ताइस वर्षों के बाद यह ट्रॉफी जीती है। रहाणे की टीम मुंबई का मुकाबला लखनऊ के अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में शेष भारत की टीम से हुआ। यह मुकाबला ड्रॉ रहा लेकिन मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली । इस मैच में सरफराज खान ने पहली पारी में दोहरा शतक लगाया और नाबाद दो सौ बाईस रन बनाए थे। मुंबई ने पहली पारी में बैटिंग करते हुए ऑल आउट होने तक पांच सौ सैंतीस रन बनाए। इसके जवाब में शेष भारत ने पहली पारी में चार सौ सोलह रन बनाए। सरफराज खान को उनकी बेजोड़ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**********

लखनऊ में 42 वें ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल उत्तर प्रदेश एकादश ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए जीएसटी सेंट्रल चेन्नई को 6–शून्य से हरा दिया। वहीं एक दूसरे मैच में मुंबई कस्टम ने पंजाब एंड सिंध बैंक को मात दी।

**********

दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए प्रदेश में पुलिसकर्मियों के अवकाश लेने पर एक महीने के लिए रोक लगा दी गई है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक आठ अक्टूबर से लेकर आठ नवम्बर तक विशेष परिस्थितियों में उच्चाधिकारियों की अनुमति लेकर ही अवकाश स्वीकृत किये जा सकेंगे।

**********

नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। कुष्मांडा देवी सृष्टि की रचयिता मानी जाती हैं। इन्हें अष्टभुजा देवी के नाम से भी जानते हैं। आज घर घर माता के इस स्वरूप की आराधनी की जा रही है। साथ ही श्रद्धालु प्रदेश के विभिन्न शक्ति पीठों और मंदिरों में भी आज सुबह से ही दर्शन पूजन कर रहे हैं।

**********